तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

संगठन जितना मजबूत होगा,जन संघर्षों का विस्तार भी उतनी तेजी से होगा : पैकरा






## खबर संक्षेप

### मांगे पूरी नहीं हुई तो 16 अक्टूबर को होगा आंदोलन

**हरदीबाजार।** एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के भू-विस्थापितों एवं प्रभावित ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन के संदर्भ में ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है एसईसीएल प्रबंधन के लिखित अनुरोध और सकारात्मक रुख का सम्मान करते हुए 5 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के प्रस्तावित घेराव व तालाबंदी आंदोलन को 15 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है अब यह आंदोलन संशोधित तिथि 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि प्रबंधन को मांगों के त्वरित व न्यायपूर्ण समाधान के लिए 10 दिनों की समयावधि 15 अक्टूबर तक का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। यदि इस दी गई समयावधि में प्रबंधन द्वारा भू-विस्थापितों की समस्त लंबित मांगों पर कोई ठोस लिखित एवं संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता है तो 16 अक्टूबर को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में समस्त भू-विस्थापित एवं ग्रामीण बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन उग्र एवं शांतिपूर्ण आंदोलन, तालाबंदी करेंगे इस स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

### जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए पुरुस्कृत

**भैसमा।** जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में माध्यमिक शाला स्तर पर श्रेया कुमारी यादव कक्षा आठवीं माध्यमिक शाला पताढ़ी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान अतिमा कुमारी कक्षा 12वीं सेजेस एनसीडीसी और तृतीय स्थान पर सृष्टि साहू कक्षा 11वीं सेजेस पंप हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर से पूरे विकासखंड से चित्रकला में कोई स्थान प्राप्त नहीं हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर इशिका तिर्की कक्षा पांचवी सतरेंगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर शुभांगी साहू कक्षा 7 सेजेस पंप हाउस ने और द्वितीय स्थान पर प्रियांशु सिंह कक्षा आठवीं लिटिल स्टेप स्कूल ने अपना स्थान बनाया। हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर पर आयुषी सिंह कक्षा बारहवीं पीएम श्री बालको ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विकासखंड का नाम रोशन किया।

### फुटबॉल टीम चयन प्रक्रिया 9 अक्टूबर को

**बांकीमोंगरा।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित एनटीपीसी सीनियर पुरुष अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 22 से 29 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले की टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला फुटबॉल संघ कोरबा द्वारा खिलाड़ियों के चयन एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिला फुटबॉल संघ कोरबा के कार्यकारी सचिव पवन गुप्ता द्वारा जिले के सभी फुटबॉल क्लबों को सूचित किया गया है कि 9 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे डीएफए कार्यालय में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

# भवन हैंडओवर हुआ नहीं और 60 लाख की सामग्री खरीदी की हो गई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की योजना अंतर्गत करतला ब्लॉक के ग्राम बंजारी में बनाए गए आदर्श महाविद्यालय का भवन हॉस्टल सहित तैयार नहीं हुआ है और ना ही हैंडओवर हुआ किंतु कॉलेज के लिए लगभग 60 लाख रुपए की सामग्री खरीदी का प्रस्ताव जरुर तैयार हो गया है। नये शिक्षण सत्र में महज 15 छात्रों ने ही अब तक प्रवेश लिया है।

जिले में आदर्श महाविद्यालय की शुरुआत हुए पांच वर्ष का समय बीत चुका है और इसके भवन को बनते हुए भी 6 साल का समय बीता है और इस लंबी अवधी में कॉलेज का केवल एकेडमी सेक्शन की बिल्डिंग की पूरी हो सकी है। हॉस्टल की बिल्डिंग अभी भी अधूरी पड़ी है। ग्राम बंजारी में बने इस आदर्श महाविद्यालय के प्रारंभिक कक्षाएं बीते चार वर्ष तक पीजी कॉलेज के भवन में ही संचालित हो रही थी तब इस कॉलेज की दर्ज संख्या 150 की लगभग थी। ⏭ शेष पेज 3 पर

**मामला करतला ब्लॉक बंजारी के आदर्श महाविद्यालय का**

**खास बातें**

- अब तक नये शिक्षण सत्र में 15 छात्रों ने ही लिया प्रवेश
- पांच साल हो चुकी है महाविद्यालय की शुरुआत



**नहीं बढ़ रही है छात्रों की दर्ज संख्या**

बरपाली कॉलेज की बिल्डिंग में अस्थायी रुप से चल रहे आदर्श कॉलेज में छात्रों की दर्ज संख्या नहीं बढ़ रही है। तीनों संकाय मिलाकर महज 36 छात्रों की ही दर्ज संख्या है। जबकि पीजी कॉलेज के समय यह संख्या सौ से उपर हुआ करती थी। छात्रों की दर्ज संख्या नहीं बढ़ने के पीछे जो कारण सामने आया है उसके मुताबिक कॉलेज बिल्डिंग का हैंडओवर नहीं होना, पढ़ाने के लिए गेस्ट फैकल्टी की भी नियुक्ति की गई और लाइब्रेरी की व्यवस्था नहीं की गई है। इन समस्याओं के कारण महाविद्यालय में छात्र प्रवेश लेने नहीं पहुंच रहे हैं।

**नहीं बना कॉलेज तक पहुंच मार्ग**

लगभग 5 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग के द्वारा तैयार किए जा रहे कॉलेज भवन तक पहुंचने के लिए अब तक पहुंचमार्ग का भी निर्माण नहीं हो सका है। वहां तक पहुंचने के लिए सिंचाई विभाग की बाईं तट नहर में बने पुल से गुजर कर कच्चे रास्ते से कॉलेज भवन पहुंचा जाता है। कोरबा चांपा मुख्य मार्ग से कॉलेज भवन तक की दूरी लगभग डेढ़ से दो किमी की है और इतनी कम दूरी तक का भी पहुंचमार्ग का निर्माण प्रशासन के द्वारा नहीं कराया गया है। हालांकि डीएमएफ की बैठक में पहुंच मार्ग निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किए जाने की जानकारी जरुर सामने आयी थी।

## विद्युत विभाग ने समितियों को जारी किया निर्देश

# नवरात्रि उत्सव की तैयारियां तेज, पूजा और गरबा पंडालों को लेना होगा अस्थाई बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिलेभर में आगामी 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे पावन नवरात्रि पर्व को लेकर दुर्गा पूजा एवं गरबा-डांडिया समितियों द्वारा तैयारियाँ जोरों पर हैं। विभिन्न स्थानों पर भव्य पूजा और आकर्षक गरबा पंडालों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। पर्व के दौरान जगमगाती रोशनियों के बीच आकर्षक पंडाल तैयार हो रहे हैं जहां बड़े पैमाने पर विद्युत की खपत होती है। ऐसे में दुर्गा पंडाल व गरबा डांडिया समितियों को विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य है।

उल्लेखनीय है कि जिले में दुर्गा पूजा और गरबा-डांडिया आयोजक समितियों के लिए नियमानुसार अस्थाई (टैलेंट/टम्परारी) बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। विद्युत अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बिना वैध विद्युत कनेक्शन के पंडालों में बिजली का उपयोग करना पूरी तरह से गैर-कानूनी और जोखिम भरा है। विभाग ने सचेत किया है कि जो समितियाँ बिना कनेक्शन लिए सीधे तार डालकर या अनधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करते पाई जाएँगी, उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री राजकुमार सोनकर ने बताया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या शार्ट सर्किट से बचाव के लिए केवल पंजीकृत तकनीशियन से ही पंडाल की वायरिंग कराएं और समय रहते विभाग के नजदीकी कार्यालय में आवेदन देकर अस्थाई कनेक्शन प्राप्त कर लें, ताकि त्योहार का उत्सव सुरक्षित और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।


फाइल फोटो

**मेंटेनेंस का काम चल रहा सबस्टेशनों में**

नवरात्रि पर्व के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत वितरण विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग द्वारा सभी जोनों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में मेंटेनेंस और मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि पर्व के दौरान उपभोक्ताओं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की बिजली कटौती या तकनीकी व्यवधान का सामना न करना पड़े। विद्युत विभाग के शहरी क्षेत्र के डीई राजेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि उत्सव को ध्यान में रखते हुए सभी सब-स्टेशनों, ट्रांसफार्मरों और वितरण लाइनों की सघन जांच कराई जा रही है। जहां भी पेड़ों की कटाई-छंटाई या जर्जर तारों को बदलने की आवश्यकता है, उसे समय रहते पूरा कर लिया जाएगा।

**सभी समितियों को लेना होगा कनेक्शन**

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नवरात्रि पर्व पर स्थापित होने वाली सभी दुर्गा पूजा समितियों के लिए अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समितियों को अस्थायी विद्युत कनेक्शन के लिए विभाग में आवेदन कर वैध स्वीकृति लेनी अनिवार्य होगी।

- राजकुमार सोनकर, अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग

# दो ट्रेलरों में हुई भिड़ंत, एक चालक की मौत, दूसरा घायल


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत खदान क्षेत्र में दो ट्रेलरों के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मौके पर एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरे वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। दुर्घटना के बाद काफी मशक्कत से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान रेलिया निवासी विश्व प्रसाद बिट्टू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही खदान क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। बताया गया कि दोनों वाहन नीलकंठ कंपनी के पेटी ठेकेदार पीकेएस कंपनी से जुड़े हुए हैं। हादसे के बाद खदान में वाहनों की जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मुआवजा तथा परिवार के सदस्य को रोजगार देने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिया था। खदान परिसर में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित होने की सूचना जैसे ही कुसमुंडा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# कोहड़िया नहर में बच्चे लगा रहे छलांग, पालक गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोहड़िया क्षेत्र की नहर में बच्चों के जान जोखिम में डालकर नहाने और पुल से पानी में छलांग लगाने का मामला सामने आया है। सामने आई तस्वीरों में कुछ बच्चे नहर पर बने पुल के ऊपर से पानी में छलांग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बच्चों की इस तरह की गतिविधि को लेकर सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि जिस पुल से बच्चे नहर में छलांग लगा रहे हैं, उसके ठीक ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। ऐसे में नहर में नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव के साथ-साथ बिजली लाइन से करंट की चपेट में आने का खतरा भी बना हुआ है। किसी भी तरह की लापरवाही बच्चों के लिए गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। कोहड़िया की इस नहर में पानी का बहाव तेज बताया जा रहा है। इसके बावजूद बच्चे पुल के ऊपर से सीधे पानी में छलांग लगाकर नहाते नजर आ रहे हैं। नहर की गहराई और पानी के बहाव का सही अंदाजा नहीं होने की स्थिति में कोई बच्चा पानी के भीतर फंस सकता है या बहाव की चपेट में आ सकता है। स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार, यदि कोई बच्चा नहर के तेज बहाव में बह जाता है तो उसके बरपारा कोहड़िया की ओर जाने की संभावना है। वहां नहर के भीतर बनी पुलनुमा संरचना में उसके रुकने की संभावना हो सकती है। यदि वहां भी बच्चा नहीं रुक पाया तो पानी का बहाव उसे आगे चांपा की नदी की ओर ले जा सकता है। नहर में पहले भी लोगों के बहने की घटनाएं सामने आने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद बच्चों का यहां पहुंचना और पुल से छलांग लगाना सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से चिंता का विषय बना हुआ है। नहर में तेज बहाव, गहराई और पुल के ठीक ऊपर से गुजरती बिजली लाइन का होना खतरे को और बढ़ा देता है।



# खदान के डोजर क्षेत्र से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के गेवरा दीपका कोलफील्ड में डोजर सेक्शन मैं डीजल की चोरी करते हुए दो लोगों को सीआईएसएफ की क्विक रिस्पांस टीम ने पकड़ा। चोरों के कब्जे से लगभग 2 सौ लीटर डीजल मिला है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सीआईएसएफ महिला निरीक्षक गायत्री कुमारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि रविवार की रात्रि 2 बजे एसईसीएल दीपका खदान क्षेत्र में कैम्पर क्रमांक सीजी 04 ओ डी 1798 के डाला में एक ड्रम में चोरी का डीजल भरा है जो डोजर सेक्शन में खड़ी है। सूचना पर सीआईएसएफ बोहित उदय, सीआईएसएफ प्रआर तिलक राय के मौके पर जाकर तस्दीक किये तो कैम्पर वाहन में चार लोग थे जो दो लोग भाग गये मौके पर कैम्पर चालक बुधमान बिंझवार एवं नवधा पटेल के पकड़े गये जिनसे पुछताछ करने पर बताये कि कंपनी के इंजिनियर नवीन साहु एवं चुणामणी कश्यप वेल्डर के साथ मिलकर एसईसीएल दीपका खदान के एलके 1 क्षेत्र में खड़ी डोजर क्रमांक 905 का मरम्मत करने के बहाने उसके डीजल टैंक से पाईप डालकर एक टीन के ड्रम में 200 लीटर डीजल चोरी किये और उसे ट्रक वालो को बेचने के लिये डोजर सेक्शन में लाकर छिपाये हैं। मामले में पुलिस ने दादरपारा कुचेना निवासी बुधमान बिंझवार उम्र 32 साल पिता अघन सिंह बिंझवार एवं चैतमा निवासी नवधा पटेल उम्र 28 साल पिता छेदु पटेल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से कैम्पर क्रमांक सीजी 04 ओडी 1798 एवं टीन के ड्रम में भरा 2 सौ लीटर डीजल किमती लगभग 20 हजार रुपये का जप्त किया गया है। वहीं मामले में नवीन साहु एवं चुणामणी कश्यप फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। डीजल चोरी के मामले में पकड़े गए दोनों लोग कुचेना और चेतमा क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। खदान के आउटर से चोरों ने अपनी उपस्थिति डोजर क्षेत्र में बनाई थी। रात के अंधेरे में उन्होंने वाहनों से डीजल की चोरी कर ली और भागने की फिराक में थे। इसी दौरान सीआईएसएफ की टीम ने उन्हें पकड़कर दीपका पुलिस के हवाले कर दिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कैंपर वाहन।

**खास बात**

- पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 2 सौ लीटर डीजल जप्त

## हरदीबाजार बजरंग चौक से अंबेडकर चौक-भाटापारा मार्ग बदहाल

# बारिश थमी तो सड़कों पर उड़ी धूल, गड्ढों ने बढ़ाया हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बारिश का मौसम खत्म होते ही हरदीबाजार क्षेत्र की बदहाल सड़कों की तस्वीर सामने आने लगी है। बजरंग चौक, कॉलेज चौक, अंबेडकर चौक से भाटापारा-उतरदा मार्ग तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ट्रैक्टर, हाईवा सहित भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पर दिनभर धूल के गुबार उठ रहे हैं। हालात यह हैं कि राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को धूल के बीच रास्ता तय करना पड़ रहा है, वहीं गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार सामने हैं। त्योहारों के दौरान बाजार और मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ेगी। ऐसे में सड़क की मौजूदा हालत ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत और धूल नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। कॉलेज चौक से अंबेडकर चौक के बीच सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। जगह-जगह बने गड्ढों से वाहन चालकों को बचकर निकलना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गड्ढों से बचने के चक्कर में वाहन चालक सड़क के गलत हिस्से में चले जाते हैं, जिससे आमने-सामने टक्कर की आशंका बनी रहती है। दूसरी ओर भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की धूल लगातार उड़ रही है। सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी धूल का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब सड़क की स्थिति पहले से जिम्मेदार विभागों के संज्ञान में है तो अब लोगों को सुगम यातायात के लिए इन समस्याओं को यथा शीघ्र दूर करने की जरुरत है।


उड़ता हुआ धूल का गुब्बार।

# 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि मड़वारानी ओवर ब्रिज के नीचे धमनागुडी निवासी दिल सिंह मंझवार प्लास्टिक के बोरी के झोला में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब अपनी मोटेर सीजी 12 बीएच 3577 से साजापनी से मौहार होते हुए धमनागुडी की ओर लेकर जा रहा है। सूचना मिलने पर उरगा पुलिस अपने दल बल सहित मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएच 3577 में सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी के साथ मिला जिसे रूकवाकर चेक किया गया जो एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरा वाले झोला के अन्दर 20 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 2 हजार रू मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ग्राम घाठाद्वारी पठियापाली निवासी दिल सिंह मंझवार उम्र 48 वर्ष पिता स्व. फिरतू राम मंझवार के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### सिम्सः मरच्यूरी का फीडर खराब

**बिलासपुर।** सिम्स के मरच्यूरी की चार फ्रीजर एक बार फिर खराब हैं। ऐसे में कई बार ज्यादा शव होने की दशा में उन्हें बाहर रखना पड़ता है। इससे आसपास के क्षेत्र में बदबू तक फैल जाती है। शव के जल्दी सड़ने की आशंका बनी रहती है। खास बात यह है कि 10 डीप फ्रीजर हैं, लेकिन कुछ महीनों से चार फ्रीजर खराब होने से छह का ही उपयोग किया जा रहा है। वहीं रात्रिकालीन ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों की इसकी भनक नहीं है और रात में आने वाले शव को खराब फ्रीजर में डाला जाता है, जिससे परिजनों को दिक्कत हो रही है।

### धारदार हथियार से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** एक युवक बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर पैसे की मांग करने लगा, मना करने पर उसने बाइक सवार से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिरगिट्टी नगपुरा निवासी राघवेन्द्र यादव पिता स्व. भरतलाल यादव ने बताया, वे व्यापार विहार स्थित शेयर मार्केट कार्यालय में प्राइवेट काम करते हैं। शनिवार की रात वे गांव से बाइक में सवार होकर शहर की ओर आ रहे थे। सिरगिट्टी फाटक के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगा। उन्होंने युवक को अपनी बाइक में बैठा लिया। कुछ दूर शराब दुकान के पास गाड़ी रूकवाकर यवुक राघवेन्द्र से पैसा मांगने लगा। मना करने पर युवक ने अपने साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इसी दौरान उनके चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पत्नी से मारपीट पेट में बच्चे की मौत, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चरित्रशंका पर पति के द्वारा गर्भवती पत्नी के साथ जमकर मारपीट करने से पेट में बच्चे की मौत हो गई थी। पुलिस ने फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि बोड़सरा निवासी सभ्या कौशिक पति आशीष कौशिक की 3 साल पहले शादी हुई थी सभ्या 4 माह से गर्भवती थी। 30 सितंबर 2026 को आशीष कौशिक ने चरित्रशंका पर पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी और लात से कई बार पेट में मारा, जिससे पेट में बच्चे की मौत हो गई थी। महिला का रायपुर के हास्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 92 के तहत रायपुर से फरार आरोपी पति आशीष कौशिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इलाज के दौरान महिला कैदी ने की भागने की कोशिश

**बिलासपुर।** इलाज के दौरान महिला कैदी ने भागने की कोशिश की। महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़कर जेल दाखिल करा दिया है। पुलिस ने कैदी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर की सुबह महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा सेंट्रल जेल से महिला कैदियों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया था। इलाज कराने के बाद पुलिसकर्मी महिला कैदियों को गाड़ी में बैठा रही थीं। इसी दौरान हाथ छुड़ाकर महिला कैदी रायगढ़ निवासी रीते महंत भागने लगी। सिम्स परिसर से बाहर निकलकर कैदी सदरबाजार की ओर चली गई। महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा करते हुए सिम्स तिराहा के पास उसे पकड़ लिया और जेल दाखिल करा दिया। महिला कैदी हत्या की धारा 302 के मामले में सजा काट रही है।

**योजना ठंडे बस्ते में, कई बच्चों को नोटिस** | **बेसहारा बच्चों को 1000 रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति देने का है प्रावधान**

# महतारी के दुलार पर दो साल से ब्रेक, पात्र-अपात्र की जांच का हवाला, 10 करोड़ की राशि अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरोना महामारी के दौरान बेसहारा हुए बच्चों के लिए शुरू की गई महतारी दुलार योजना में अब ठहराव आ गया है। पिछले दो वर्षों से इन बच्चों को सरकारी छात्रवृत्ति और सहयोग फीस की राशि नहीं मिल पाई है।

खास खबर

लोक शिक्षण संचालनालय ने पात्रता और अपात्रता की जांच के लिए संभागीय कार्यालयों को जिम्मेदारी दी है, जो कि जांच में देरी कर रहे हैं। इस कारण लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि अटकी हुई है। बिलासपुर में ही 436 बच्चों को इस योजना के तहत पात्र मानते हुए छात्रवृत्ति दी जा रही थी।

### पंजीकरण और नवीनीकरण जारी



इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल जिन बच्चों का पंजीकरण नहीं हो पाया था, उनका नवीनीकरण जारी है। संभाग स्तर पर इस छात्रवृत्ति योजना की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही भुगतान किया जाएगा। इधर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का कहना है कि दो वर्षों से महतारी दुलार योजना की राशि नहीं मिल पाई है। कुछ स्थानों पर स्कूलों द्वारा बच्चों से फीस मांगने की शिकायतें आई हैं, जिसके कारण कई बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

प्रदेश भर में योजना के तहत 2373 बच्चों की पहचान की गई है। ध्यान रहे की यह योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में थी। इसका उद्देश्य माता-पिता या अभिभावक खो चुके बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना था। महतारी दुलार योजना के तहत कक्षा पहली से 8वीं तक के विद्यार्थियों को 500 रुपए प्रति माह और कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 1000 रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। इधर जानकारी मिल रही है कि कुछ बच्चों को राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्राथमिकता दी गई थी, जबकि अन्य बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार, इनमें से आधे बच्चों ने फीस नहीं चुका पाने के कारण निजी स्कूल छोड़ दिया है।

### कई अनाथ बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं

शिक्षा विभाग के मुताबिक योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल और बड़े निजी स्कूलों में अनाथ बच्चों का एडमिशन होना था। इसके लिए प्रदेश भर में 2373 बच्चों की पहचान भी की गई। इन बच्चों के खाते में लेकिन राशि नहीं पहुंचने की शिकायत शुरू से रही है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट के मुताबिक प्रदेश में ऐसे हजारों बच्चे हैं जिन्हें महतारी दुलार योजना की छात्रवृत्ति नहीं दी गई। अनाथ बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनकी फीस भी राज्य सरकार को देनी है लेकिन इसमें देरी की जा रही है। गौरतलब है कि बच्चों की खातों में स्कॉलरशिप सीधे शिक्षा संचनालय की ओर से भेजे जाते हैं। अधिकारियों के मुताबिक महतारी दुलार योजना के तहत छात्रवृत्ति या सहायता राशि नहीं मिल रही है, तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय या स्कूल के माध्यम से पोर्टल पर सत्यापन प्रक्रिया की जांच करानी चाहिए।

### रिपोर्ट मांगी गई थी

लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से दस्तावेजों की जांच कर पात्र और अपात्र बच्चों की रिपोर्ट मांगी गई थी। संभाग स्तर के सभी जिलों की रिपोर्ट शासन के पास भेज दी गई है। इसमें बच्चों की संख्या और मिलने वाली छात्रवृत्ति दोनों का उल्लेख है। उम्मीद है जल्द ही छात्रवृत्ति की राशि मिल जाएगी।

- **अश्वनी भारद्वाज**, ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग




पुराने बस स्टैण्ड स्थित मल्टी पार्किंग का काम अंतिम चरण में पहुंचा, जल्द ही लोगों को सुविधा मिलने की आशा की जा रही है।

# महिला के घर से 6 लाख के जेवर-नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला के घर से आलमारी का ताला तोड़कर 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस ने चोरी करने के संदेह में तीन युवकों व एक खरीददार को हिरासत में लिया है।

उसलापुर सागरदीप कालोनी निवासी बिन्दावती मिश्रा पति स्व. राधामोहन मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पति सीएएफ में पीसी के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2015 में उनकी केंसर बीमार से मृत्यु हो गई। उनके स्थान पर उनके बेटे आशीष मिश्रा को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। तीजा त्यौहार के बाद वे एक माह के लिए रींवा चली गई थीं। उनका बेटा आशीष शर्मा अकेले घर में था। 29 सितंबर को उनके नाती अभिमान द्ववेदी ने उन्हें फोन कर बताया, उनके घर में 25 सितंबर की रात चोरी हो गई है। 3 अक्टूबर को वे अपने घर लौटीं तो उनके रूम का दरवाजा खुला था और अंदर आलमारी का ताला टूटा था आलमारी में रखा सोने का हार, झुमका, माथा टीका, एक नथ, तीन अंगूठी, दो जोड़ी पायल, पायजेब, करधन, बिछिया व 12 हजार रुपए नकद सहित 6 लाख 15 हजार का सामान चोरी हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

- तीन युवक व खरीददार हिरासत में

### थाने में सराफा व्यापारियों का जमावड़ा

पुलिस ने पतासाजी कर तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर युवकों ने शहर के एक सराफा व्यापारी के पास चोरी के जेवर बेचना बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने खरीददार सराफा व्यापारी को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस उससे पूछताछ कर चोरी के जेवर बरामद करने में लगी हुई है। वहीं देर रात तक सराफा व्यापारियों का सकरी थाने में जमावड़ा लगा हुआ था।

# सोना देने का झांसा देकर महिला से सवा लाख की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** मोबाइल में बेटा बनकर ठग ने महिला को सोना देने का झांसा दिया और सवा लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, जबड़ापारा निवासी पूनम अजवानी 55 साल बच्चों के साथ रहती है। एक माह पूर्व उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। बातचीत के दौरान मोबाइल धारक बातों में फंसाकर उनका बेटा बन गया। उसके बाद उन्हें फोन कर कहा मां उसके पास कीमती सोना है और वह उसे देना चाहता है। महिला लालच में आ गई और उसकी बातों में फंस गई। उसके बाद मोबाइल धारक ने उन्हें कहा उसका सोना फंसा हुआ है, उसे निकालने के लिए पैसे की जरूरत है। महिला उसके झांसे में आकर पैसा देने को तैयार हो गई। उसके कहने पर अलग अलग किश्तों में बताए गए बैंक खाते में 1 लाख 24 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। महिला ने उसे रुपए देने के लिए अपने व बच्चों की जमा राशि के अलावा मकान मालकिन से 30 हजार रुपए उधार भी लिया। उसके बाद भी मोबाइल धारक बहाना बताते हुए 32 हजार रुपए की फिर से मांग करने लगा। महिला ने अपने बच्चों व अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। उसके बाद उन्हें पता चला कि वे ऑनलाइन ठगी की शिकार हो गई हैं।

महिला सरकण्डा थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज जांच किया है।

# अवैध सागौन से बना रहा था फर्नीचर दबिश देने से पहले आरोपी फरार

### वन विभाग की टीम ने किया लकड़ी और अन्य सामानों को जब्त

**बिलासपुर।** जंगल में सागौन की अवैध कटाई करने के बाद घर में फर्नीचर और अन्य सामान बनाने का काम करने वाले आरोपी के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने आरोपी के घर से लाखों की लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त कर जांच शुरु कर दी है। वहीं विभागीय टीम के गांव पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया था, जिसकी खोजबीन की जा रही है।



आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती वन विभाग की टीम।

रविवार की दोपहर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना मिलने पर वन और पुलिस के अमले ने लमकेना निवासी सुरेश खांडे पिता रेशम खांडे के घर में दबिश दी, जहां आरोपी ने लकड़ी को बाड़ी में छिपाकर रखा हुआ था। टीम ने आरोपी के घर और बाड़ी से आरा मशीन, इलेक्ट्रिक चैन सॉ मशीन, रमदा मशीन, बढ़ईगिरी की सामग्री, सागौन, साल, मिश्रित चिरान सहित अन्य सामानों को जब्त किया, जिसकी कीमत लाखों में थी। अवैध सागौन और अन्य प्रजातियों की लकड़ी से आरोपी फर्नीचर बनाने का काम करता था। वन विभाग की टीम ने लकड़ी और सामानों को कोटा सेल डिपो भेजने के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत मामला कायम कर लिया है।

# कवच 4.0 से बढ़ी जोन की ट्रेनों की रफ्तार

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में कवच 4.0 से ट्रेनों की रफ्तार में वृद्धि हुई है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कवच 4.0 का कार्य शुरु कर दिया गया है, ताकि ट्रेनों की दुर्घटना में कमी आने के साथ ही रफ्तार को भी बढ़ाया जा सके। इसके तहत बिलासपुर के कुछ सेक्शन में काम होने के उपरांत रायपुर रेल मंडल दुर्ग से मांदर तक 70 किलोमीटर के सभी रेल रूट सहित सरोना से उरकुरा बाईपास लाइन पर स्टैंडर्ड कवच की कमीशनिंग पूरी की गई। इस परियोजना के अंतर्गत 984 ट्रैकसाइड आरएफआईडी टैग्स को अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के स्थापित एवं प्रोग्राम किया गया। आरएफआईडी प्रणाली का कार्यान्वयन कवच 4.0 के तकनीकी विनिर्देशों के



अनुरूप किया गया है। रेलवे के अनुसार कवच विकसित स्वदेशी आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह ट्रेनों की गति एवं स्थिति से संबंधित जानकारी के आधार पर संरक्षित परिचालन में सहायता करती है। आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेन को सुरक्षित रोकने में भी सक्षम है। इससे आमने-सामने की संभावित टक्कर से बचाव, पीछे से होने वाली संभावित टक्कर से बचाव, ट्रेन के अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ने से सुरक्षा, स्टैंडस्टिल के दौरान आवश्यक मूवमेट से सुरक्षा और असामान्य रूप से ट्रेन रूकने की स्थिति में ऑनबोर्ड सुरक्षा सुविधा होती है।

# साढ़े 6 लाख के गांजा सहित पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने रेलवे स्टेशन पर मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को साढ़े 6 लाख रुपए के गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार बिलासपुर जीआरपी की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ है, जिसके पास गांजा रखा हुआ है और वह जबलपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर पहुंची, जिन्हें देखकर उक्त व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ और उसके पास रखे बैग की छानबीन की।

कोलगांवां सतना निवासी दीपक कुमार गुप्ता पिता रामप्रसाद गुप्ता 33 साल के पास रखे बैग में 6 लाख 47 हजार 500 रुपए कीमत करीब 12 किलो 950 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसे वह ओडिशा से लाने के बाद मध्यप्रदेश की ओर ले जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पूछताछ और छानबीन करने के बाद जीआरपी की टीम ने गांजा जब्त कर आरोपी दीपक कुमार गुप्ता के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड में भेज दिया गया।

# 851 नए अधिवक्ता को पंजीकृत करने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** छग राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर के नामांकन समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। सचिव ने बताया कि समिति की बैठक परिषद के मुख्य कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी बिलासपुर छग में आयोजित की गई। इसमें नामांकन समिति के अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, समिति के सदस्य आलोक कुमार गुप्ता, भास्कर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में नए नामांकन के लिए परिषद को प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में लगभग 851 आवेदकों को नए अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत करने, तथा 2 अधिवक्ता का सनद पुर्नबहाल एवं कुल 54 प्रोविजनल प्रमाण पत्रों की अनुशंसा की गई। बैठक में अध्यक्ष के कुशल निर्देशन में परिषद के सचिव अमित वर्मा, सह सचिव दीपक सिंह ठाकुर, नामांकन प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार जायसवाल, विशाल सोनी, रूपेश पाण्डेय, दिलीप खांडेय, पियूष शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# साइंस कालेज मैदान व पुलिस ग्राउंड दोनों जगह पर होगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव रावण दहन का कार्य पुलिस ग्राउंड और साइंस कालेज मैदान दोनों जगह पर होगा। साइंस कालेज मैदान में रावण दहन कार्यक्रम के लिए जो पुराना टेंडर निकाला गया था, उसे त्रुटिपूर्ण होने से अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है, किन्तु उसकी जगह पर नया टेंडर निकाला गया है।

- साइंस कालेज मैदान का त्रुटिपूर्ण टेंडर निरस्त, नया टेंडर

पुलिस ग्राउंड में नगर निगम द्वारा सालों से दशहरा उत्सव रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। लेकिन इस बार अरपापार साइंस कालेज मैदान में भी दशहरा उत्सव रावण दहन कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसके लिए 28 सितंबर को निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था। इसमें रावण पुतला निर्माण, आतिशबाजी, टेंट शामिल था। बताया जा रहा है इस टेंडर में तारीख त्रुटिपूर्ण थी, जिसके कारण अपरिहार्य कारण बताते हुए नगर निगम जोन क्रमांक सात की ओर से निकाला गया पुराना टेंडर निरस्त कर दिया गया। चूंकि साइंस कालेज मैदान में रावण दहन कार्यक्रम निगम द्वारा आयोजित किए जाने को लेकर सियासत गर्म है, इसलिए टेंडर निरस्त की सूचना आज सोशल मीडिया में वायरल होती रही और लोगों को वस्तविकता पता नहीं थी इसलिए लोग इसी भ्रम में हैं कि टेंडर निरस्त हो गया है इसलिए साइंस कालेज मैदान में नगर निगम रावण दहन नहीं कराएगी, जबकि ऐसा नहीं है।

साइंस कालेज मैदान अरपापार निगम के जोन क्रमांक 7 अंतर्गत आता है इसलिए जोन कार्यालय से ही एक और नया टेंडर निकला है, जिसमें रावण पुतला, आतिशबाजी, टेंट आदि मिलाकर लगभग 22 लाख रुपए का निविदा निकाली गयी है। इससे यह तय हो गया है कि नगर निगम पुलिस ग्राउंड में पारंपरिक दशहरा उत्सव रावण दहन के साथ ही अरपापार साइंस कालेज मैदान में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

# संदिग्ध ट्रक से 70 बोरी चावल बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापपुर।** शासकीय चावल की हेराफेरी की आशंका से जुड़े मामले में प्रतापपुर पुलिस ने कदमपारा निवासी राजेश गर्ग एवं नंदू गुप्ता के गोदाम के सामने खड़े एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 4375 को जांच के लिए रोका। ट्रक की तलाशी के दौरान जूट की बोरियों में 30 बोरी तथा प्लास्टिक की बोरियों में 40 बोरी, कुल 70 बोरी चावल बरामद किया गया। इधर पुलिस को देखकर ट्रक चालक और क्लीनर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोड चावल बोरी राजेश गर्ग और ट्रक नंदू का है।



पुलिस के अनुसार ट्रक में लदे चावल के संबंध में चालक एवं संबंधित लोगों से पूछताछ की गई। चावल कहां से लाया गया और उसका बिल अथवा अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने ट्रक एवं चावल को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। जो गोल मोल जवाब दे रहे है। इधर स्थानीय सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र में लंबे समय से शासकीय चावल की कथित हेराफेरी की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि इस मामले में चावल वास्तव में शासकीय है या नहीं तथा इसकी आपूर्ति का स्त्रोत क्या है, यह खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस और खाद्य विभाग की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुरैना ने बताया कि मामले में धारा 106 के तहत कार्रवाई करते हुए चावल के नमूने की जांच के लिए खाद्य विभाग को पत्र जारी किया गया है।

# सब्जी के खेत में किसान कर रहा था गांजे की खेती, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बरियों पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक किसान की सब्जी की बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। सब्जी की आड़ में गांजा का पौधा उगाने का खुलासा हल्का पटवारी द्वारा की जा रही फसल गिरदावरी के दौरान हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से साढ़े तीन लाख रुपए का गांजा का पौधा बरामद किया है और मामले की जांच चल रही है।

- बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद, फसल गिरदावरी के दौरान हुआ खुलासा

बता दें कि जिले में नशीले पदार्थों की खेती, तस्करी, और अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई के लिए एसपी वैभव बैंकर द्वारा पुलिस, राजस्व व वन विभाग की संयुक्त बैठक ली गई थी। एसपी ने नशीले पदार्थों की खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही आम जन में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इसी बीच 3 अक्टूबर को बरियों अंतर्गत ग्राम खुखरी के हल्का पटवारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गांव में फसल गिरदावरी करने के दौरान कबीर साय के सब्जी की बाड़ी में मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाए हुए पाए गए है। सूचना के बाद बरियों चौकी पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने संदेही बरियों खुखरी रखैतपारा निवासी 51 वर्षीय कबीर साय टेकाम आ. जट्टू टेकाम के बाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान किसान की बाड़ी में बड़े पैमाने पर गांजे के पौधे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने खेत में गांजे की खेती करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खेत से छोड़ा-बड़ा पौधा, डगाल, हरा पत्ता, तना समेत 112 नग पौधा बरामद किया है। बरामद किए गये पौधों अक वजन 36 किलो 300 ग्राम है जिसकी कीमत 3 लाख 50 हजार रूपए आंकी गई है।

## खबर संक्षेप

### चोरभट्टी में सोलर हाईमास्ट से बदली रात की तस्वीर

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चोरभट्टी में पहले शाम के बाद चौक और आसपास के रास्तों पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से ग्रामीणों को रात के आवागमन में परेशानी होती थी। बच्चों और बुजुर्गों के देर से लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता रहती थी। अंधेरे में जंगली जानवरों तथा सांप-बिच्छू की आशंका के कारण भी ग्रामीणों को अतिरिक्त सावधानी रखनी पड़ती थी। ग्रामीणों की इस जरूरत को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से स्वीकृत राशि के माध्यम से क्रेडा विभाग के सहयोग से ग्राम चोरभट्टी में सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। अब चौक और आसपास का क्षेत्र रात में पर्याप्त रोशनी से प्रकाशित रहता है। मौसम खराब होने अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर बैटरी बैकअप से भी प्रकाश की सुविधा मिलती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सुविधा का असर रोजमर्रा के कामों में साफ महसूस होता है। पहले शाम होते ही जरूरी काम जल्द पूरा कर घर लौटने की कोशिश रहती थी। अब बाजार से सामान लेकर लौटना, पड़ोस में जाना, देर से आने वाले परिवार के सदस्य को लेने निकलना या किसी जरूरी काम से चौक तक जाना आसान हो गया है। रोशनी के कारण सड़क और आसपास का हिस्सा स्पष्ट दिखाई देता है, जिससे रात में चलने का भरोसा बढ़ा है। सौर ऊर्जा से संचालित होने के कारण इसके लिए बिजली बिल का अतिरिक्त खर्च भी नहीं आता।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 को कटघोरा और बांकीमोंगरा में शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों तक विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में 1 से 6 अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद कटघोरा एवं बांकीमोंगरा में 5 अक्टूबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका परिषद कटघोरा का शिविर वार्ड क्रमांक-02 कार्यालय भवन, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा का शिविर वार्ड क्रमांक-03 कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### मल्दा घाट के डबरी वृद्ध की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मालदा घाट में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बाउंड्रीवॉल प्लांट के अंदर जंगल के पानी के पास एक अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली। बताया जा रहा है कि सुबह एक महिला की नजर जंगल में पड़े शव पर पड़ी। जिसके बाद उसने आसपास के लोगों को बताया। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और डबरी से वृद्ध की लाश को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान बुधराम गोड़ 62 वर्ष के रुप में की गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। मौत किन परिस्थितियों में हुई है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### गांधी जयंती पर नपाप के पदाधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**गेवरा दीपका।** गांधी जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद दीपका द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कृतज्ञ भाव से श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों ने एकजुट होकर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ नेतराम रत्नेश, वरिष्ठ पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी, पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, संतोष निराला ज्योति तिवारी, सुनीता जायसवाल, सुभद्रा यादव, सारिका यादव, मनोज दुबे, रोहित जायसवाल, नीलिमा शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला और नितेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

### भवन हैंडओवर हुआ...

शिक्षण सत्र 2025-26 से कॉलेज प्रबंधन ने इसे अस्थायी रुप से बरपाली के शासकीय महाविद्यालय में शुरु करने का निर्णय लिया और दो वर्ष हो गए आदर्श महाविद्यालय की कक्षाएं बरपाली कॉलेज में लगाई जा रही है। कॉलेज का एकेडमी सेक्शन की बिल्डिंग बनकर जरुर तैयार हो गई है किंतु पूर्ण रुप से कॉलेज प्रबंधन को हैंड ओवर नहीं हुई है लेकिन इस बिल्डिंग के लिए कॉलेज प्रबंधन के द्वारा लगभग 60 लाख रुपए की विभिन्न तरह की सामग्री खरीदी का प्रस्ताव तैयार उच्च शिक्षा विभाग को भेजा गया है। हालांकि अभी तक सामग्री पहुंची नहीं है लेकिन बिल्डिंग का हैंडओवर नहीं होना और सामग्री खरीदी की तैयारी करना चर्चा में जरुर आ गया

## अग्रसेन भवन में उत्साह और उमंग का माहौल

# बाधा दौड़, मेमोरी गेम, रंग भरो चित्रकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रतियोगिता में शामिल अग्र समाज के बच्चे।

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में कटघोरा के अग्रवाल समाज में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। जयंती के पूर्व लगातार आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान टग ऑफ वार, रंग भरो, चित्रकला, रिकॉर्डिंग डांस, मेमोरी गेम, वर्ग पहेली, सामान्य ज्ञान एवं बाधा दौड़ सहित कुल 10 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित करना, बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा आपसी मेलजोल, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना रहा। अग्रसेन भवन का प्रांगण पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और मनोरंजन से सराबोर रहा। प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, बौद्धिक कौशल, रचनात्मकता एवं एकाग्रता का परिचय दिया, वहीं उपस्थित समाजजनों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। आयोजन की प्रमुख आकर्षक प्रतियोगिताओं में टग ऑफ वार यानी रस्साकशी शामिल रही। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, दमखम और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन किया। रोचक मुकाबले के बाद अक्षत धनोंदिया,अखिल अग्रवाल,हन्नी अग्रवाल,चिराग अग्रवाल,सन्नी अग्रवाल की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के उत्साह और दर्शकों की सहभागिता ने माहौल को रोमांचक बना दिया। रंग भरो एव चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और रंगों के सुंदर संयोजन का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का रिजल्ट नही हुआ था प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। बाधा दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने फुर्ती, संतुलन, एकाग्रता और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसमें श्रीमती भावना बंसल पति गगन बंसल ने प्रथम स्थान हासिल किया,जबकि श्रीमती मेघा सिंघानिया पति अंकित सिंघानिया द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। मेमोरी गेम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता की परीक्षा हुई। इस प्रतियोगिता में श्रीमती वर्षा अग्रवाल पति प्रशांत अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रीमती एकता सिंघल पति विकास सिंघल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को अपनी याददाश्त और मानसिक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

# अग्रवाल सभा के आयोजनों में नन्हे-मुन्नों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में प्रस्तुती देते बालक व बालिका।

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा किड्स फैन्सी ड्रेस, वर्ग पहेली, स्मरण शक्ति प्रतियोगिता अयोजन किया गया।

विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए किड्स फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केजी-2 तक के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा उनकी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी प्रस्तुति के लिए दो मिनट का समय दिया गया। निर्धारित समय में बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों का ध्यान आकर्षित किया। नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों की रंग-बिरंगी पोशाकों, मनमोहक अंदाज और मासूम अदाओं ने कार्यक्रम में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण निर्मित किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों की बौद्धिक क्षमता, एकाग्रता, तार्किक सोच एवं याददाश्त को परखने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन 12 वर्ष से अधिक आयु के बालक एवं बालिकाओं के लिए किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी बुद्धिमत्ता, शब्द ज्ञान एवं तार्किक क्षमता का परिचय दिया। वर्ग पहेली को हल करने के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी एकाग्रता और सूझबूझ का परिचय दिया। सही उत्तर खोजने तथा निर्धारित पहेली को पूरा करने के लिए प्रतिभागियों ने अपनी मानसिक क्षमता का भरपूर उपयोग किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों एवं किशोरों में ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उनकी तार्किक क्षमता को विकसित करने का अवसर मिला। इसी कड़ी में स्मरण शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपनी याददाश्त, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता तथा चीजों को याद रखने के कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

**खास बात**

- वर्ग पहेली व स्मरण शक्ति प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

# रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




छारिया गोयल परिवार, कटघोरा द्वारा श्री राधाकृष्ण मंदिर कटघोरा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी एवं आचार्य की सुपुत्री शिघ्रता त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला अपने भीतर आध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। महारास को केवल लौकिक दृष्टि से नहीं, बल्कि भक्ति, आत्मसमर्पण और परमात्मा के प्रति प्रेम के आध्यात्मिक स्वरूप के रूप में समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोपियों की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति यह संदेश देती है कि सच्ची भक्ति में भक्त अपना सर्वस्व भगवान को समर्पित कर देता है। आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों का प्रेम सांसारिक प्रेम नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच के आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक है। महारास लीला में भगवान ने भक्तों को यह संदेश दिया कि जो व्यक्ति निष्काम भाव से परमात्मा की शरण में जाता है, भगवान सदैव उसके साथ रहते हैं। आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी एवं शिघ्रता त्रिपाठी ने बताया कि रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानकर उनके प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थीं। जब उनके विवाह की तैयारी किसी अन्य से कराए जाने लगी, तब उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपनी मनोकामना से अवगत कराया। भक्तवत्सल भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी की पुकार सुनकर उन्हें स्वीकार करने पहुंचे और उनका हरण कर विवाह किया। रुक्मिणी जी की अटूट श्रद्धा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण प्रत्येक भक्त के लिए प्रेरणा है। कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग को विशेष रूप से उत्सव के रूप में मनाया गया। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

# चित्रकला स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

लायन्स क्लब कटघोरा-छुरी के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- लायंस क्लब कटघोरा छुरी का सेवा सप्ताह

प्रतियोगिता में कुल 29 छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशीलता और कला प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कुमारी वेदिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी बंदिनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। दोनों विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, प्रतियोगिता में शामिल शेष सभी छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ कला एवं रचनात्मक गतिविधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं और उनके भीतर नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि लायन्स क्लब सेवा सप्ताह के माध्यम से समाजसेवा, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने भी इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए उचित मंच और प्रोत्साहन मिलना आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होने के साथ-साथ उन्हें अपनी रुचि और क्षमता पहचानने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से लायन्स क्लब कटघोरा-छुरी ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

छात्राओं के चेहरों पर पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी और प्रतियोगिता में भाग लेने का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस आयोजन ने छात्राओं को अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका मंजूषा नॉयर रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया,क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राजूदास दीवान, राकेश शर्मा, सुधीर पाण्डेय, विशेष मित्तल सहित सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिवाय हॉस्पिटल में किडनी-पेशाब की बीमारी के इलाज की बढ़ी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**हेल्थ प्लस**




किडनी, पेशाब की नली और पुरुषों से जुड़ी यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए कोरबा में विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा का एक और विकल्प सामने आया है। न्यू बस स्टैंड, लालूराम कॉलोनी स्थित शिवाय हॉस्पिटल में डॉ. वैभव कांत बदेरिया की सेवाएं उपलब्ध होने की जानकारी अस्पताल की ओर से जारी परिचय सामग्री में दी गई है। डॉ कांत किडनी से लेकर पेशाब संबंधी समस्याओं तक विशेषज्ञ हैं। यूरोलॉजी चिकित्सा में किडनी, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, पेशाब की नली और पुरुष प्रजनन तंत्र से जुड़ी कई समस्याएं शामिल होती हैं। ऐसी स्थितियों में समय पर विशेषज्ञ से सलाह लेना मरीजों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। कोरबा और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को यूरोलॉजी संबंधी समस्या होने पर अक्सर बड़े शहरों में विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कन्सल्ट यूरालॉजिस्ट की उपलब्धता मरीजों के लिए विशेषज्ञ राय लेने का एक अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराती है। न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित शिवाय हॉस्पिटल लगातार अपनी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार कर रहा है। अस्पताल में यूरोलॉजी विशेषज्ञ की उपलब्धता इसी दिशा में एक और कदम के रूप में सामने आई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मरीज डॉ. वैभव कांत बदेरिया से यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। डॉक्टर की उपलब्धता और अपॉइंटमेंट के लिए अस्पताल से सीधे संपर्क किया जा सकता है।

### बिहान से मिला कारोबार को विस्तार देने का संबल, महिलाओं की आर्थिक स्थिति हो रही मजबूत

**कोरबा।** शासन की योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास अब गांवों में बदलाव की तस्वीर दिखा रहा है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा की श्रीमती श्याम बाई महंत इसी बदलाव की एक प्रेरक कहानी हैं। बिहान योजना के अंतर्गत जय बजरंग महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य श्रीमती श्याम बाई ने ग्राम संगठन के माध्यम से 60 हजार रुपये की सहायता प्राप्त कर किराना दुकान शुरू की। अपने व्यवसाय से आय अर्जित करते हुए वे अब लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। लाभार्थी श्रीमती श्याम बाई बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने से पहले उनके पास खुद की आय का कोई साधन नहीं था। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित आर्थिक संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें अपनी आजीविका शुरू करने का अवसर मिला। ग्राम संगठन के माध्यम से मिली 60 हजार रुपये की सहायता का उपयोग उन्होंने किराना दुकान शुरू करने में किया।

# स्वस्थ जीवनशैली का संदेश लेकर डीएवी एसईसीएल में हुआ रन फॉर डीएव्ही का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, नियमित व्यायाम की आदत, शारीरिक सक्रियता एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में गांधी जयंती के अवसर पर रन फॉर डीएव्ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा प्रतिभागियों में उत्साह, ऊर्जा और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सकारात्मक सोच का संचार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा तथा उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस आयोजन का मूल उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की आधारशिला है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ती व्यस्तताओं के बीच नियमित रूप से दौड़ना, पैदल चलना तथा शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है। इसी भावना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए रन फॉर डीएव्ही जैसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 200 विद्यार्थी प्रतिभागियों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए 2 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई थीं। जो विद्यालय से प्रारंभ होकर सुभाष ब्लॉक कॉलोनी, एस ई सी एल ऑफिसर कॉलोनी, काली बाड़ी से होते हुए पुनः विद्यालय में आकर समाप्त हुई। आयोजन में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला तथा प्रतिभागियों ने जोश और सकारात्मक ऊर्जा के साथ दौड़ में सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने मेडल देकर सम्मानित भी किया। जिसमें बालक वर्ग में नवमीं के छात्र नरेंद्र कुमार कश्यप प्रथम, नवमीं के छात्र योगेश साहू द्वितीय, कक्षा सातवीं के गौरव राज तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में नवमीं की छात्रा प्रियंका प्रथम, आठवीं की छात्रा भूमि विश्वकर्मा द्वितीय तथा आठवीं की छात्रा अंजली जांगड़े तृतीय स्थान पर रहीं। शिक्षक वर्ग में जय प्रकाश गौतम प्रथम, दीपक कुमार साहू द्वितीय, नरसिंह दास शास्त्री तृतीय स्थान रहे।

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### उतरदा में लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत उतरदा में लोकार्पण और भूमिपूजन का हुआ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र उतरदा बस्ती लागत राशि 11 लाख 69 हजार रोजगार गारंटी का लोकार्पण व सामुदायिक शौचायल योजना विजीबी रामजी लागत 4 लाख 30 हजार का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा, विशिष्ट अतिथि मुकेश जायसवाल प्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत उतरदा श्रीमती लक्ष्मीन सुंदर मरावी, उप सरपंच राकेश जयसवाल, जनपद सदस्य गंगोत्री चंद्रपाल पटेल, ग्राम सभा अध्यक्ष संतोष मरावी, पंच प्रतिनिधि इंद्रसेन यादव, हीरालाल जगत, पंच शंभू जगत, प्रेम कुमार वरकड़े, गिरजा शंकर मरावी, मुकेश बर्मन, प्रकाश राठौर, शिव यादव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्रा, ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गाड़ा समाज जिला इकाई का मडवारानी परिसर में हुआ शपथ ग्रहण

**मड़वारानी।** करतला ब्लॉक अंतर्गत मां मडवारानी परिसर में चौहान भवन में पहली बार सामाजिक महिलाएं व युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी चौहान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय धजाराम चौहान, प्रांतीय उपाध्यक्ष परदेशी राम हंस करमु चौहान जिला ब्लाक पंचायत के सामाजिक मुल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष डॉ धरम चौहान, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल चौहान, सचिव हरिशंकर चौहान, युवा संगठन से विनोद कुमार हंस बने अध्यक्ष, सचिव सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष रमाशंकर चौहान, सह सचिव सुखनंदन, महिला कोरबा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती चौहान बनी, सचिव साधना चौहान, कोषाध्यक्ष भगवती चौहान, सहसचिव सुशीला चौहान बनाए गए हैं।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय, हरदी बाजार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठक वाई.के तिवारी सर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वाईके तिवारी ने विद्यार्थियों को वन-डे कैंप से लेकर सात दिवसीय विशेष शिविर तक की गतिविधियों, दैनिक कार्यक्रमों, सामाजिक सेवा, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास तथा समाज के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं जीवन से प्रेरणा लेने, नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अपसर पर विपिन शर्मा, साहिल नामदेव, लुकेश साहू, कोमल जांगड़े, गजेंद्र लहरे, मयंक, हिमांशु, टुकेश सत्येंद्र साहू, निक्की, प्रभात, प्रदीप, अभिषेक, दिशु, शिबा दीप, सुमित, युराज, साक्षी, मंजु प्रतिभा, अंजलि धारी शालनी दिपाली, ख़ुशी मोदी बादल शर्मा, मनीषा साहू, आकृति, प्रिया कोराम, रश्मि यादव उपस्थित रहे।

### कराईनारा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में मिले 276आवेदन 38 का मौके पर हुआ निराकरण

**मड़वारानी।** करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत कराईनारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा सहित जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर और राज्यगीत के साथ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छह नवप्रसूता महिलाओं के शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर ने उपस्थित नागरिकों का अभिवादन करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला वैभव कुमार कौशिक ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त 276 आवेदनों में से 38 का स्थल पर ही निराकरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के छह हितग्राहियों को आवास की चाबियां और राजस्व विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आवासीय पट्टे तथा पांच हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब वितरित की गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के 12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा स्वास्थ्य विभाग की नौ मितानिनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने चार हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिए, जबकि शिक्षा विभाग की ओर से 42 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## 4530 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मियों ने जमाया है कब्जा

# एसईसीएल के 59428 आवासों में से 8 हजार अमानक, 5 हजार पर बाहरी लोगों का कब्जा


एसईसीएल का आवासीय मकान।

**अलग-अलग कंपनियों में आवासों की स्थिति**

| कंपनी | कुल आवास | अमानक आवास | बाहरी लोगों का कब्जा | कर्मियों का कब्जा |
|---|---|---|---|---|
| एसईसीएल | 59,428 | 8,039 | 5,035 | 4,530 |
| ईसीएल | 37,798 | 29,282 | 1,465 | 14,296 |
| बीसीसीएल | 44,800 | 16,294 | 18,188 | 5,685 |
| सीसीएल | 59,972 | 10,616 | 17,498 | 3,717 |
| डब्ल्यूसीएल | 16,902 | 278 | 507 | 140 |
| एमसीएल | 34,074 | 9,790 | 4,321 | 6,195 |
| एनसीएल | 14,974 | 1,195 | 1,384 | 287 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुल 59 हजार 428 आवासों में से 8 हजार 39 आवास अमानक है वहीं 5 हजार 35 बाहरी लोगों ने अपना कब्जा जमाया हुआ है। दूसरी ओर 4 हजार 530 आवासों में कोयला कर्मियों ने अपना कब्जा किया हुआ है। अब प्रबंधन ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोल इंडिया की सभी कंपनियों के पास करीब 2 लाख 50 हजार आवास हैं। इनमें 85 हजार 630 आवास मानक और रहने योग्य हैं, जिनमें कर्मचारी रह रहे हैं। करीब 19 हजार 585 आवासों पर सेवानिवृत्त या सेवारत कर्मचारियों का कब्जा है, जबकि करीब 64 हजार 511 आवास बाहरी लोगों के कब्जे में हैं।

**खास बात**
- अवैध कब्जा वाले आवासों को प्रशासन के सहयोग से खाली कराने की तैयारी शुरु

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के 64 हजार से अधिक आवासों पर अवैध कब्जा है। इनमें बाहरी लोगों के साथ सेवानिवृत्त और कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों का भी कब्जा है। सीसीएल में कुल 59,972 आवास चिह्नित किए गए हैं। इनमें 49,253 आवास रहने योग्य पाए गए हैं। वहीं 10,616 आवास जर्जर घोषित किए गए हैं। सीसीएल के 17,498 आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 3,717 क्वार्टर सेवानिवृत्त या कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों के कब्जे में हैं। इसके अलावा 628 क्वार्टर सरप्लस हैं। बरका-सयाल क्षेत्र में स्थिति ज्यादा गंभीर है। यहां कुल 13,258 आवासों में से 5,043 पर अवैध कब्जा मिला है। रजरप्पा क्षेत्र में भी 449 क्वार्टर बाहरी लोगों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कब्जे में हैं। प्रबंधन ने अवैध कब्जे वाले आवासों को प्रशासन के सहयोग से खाली कराने की तैयारी शुरू की है। वहीं लंबे समय से काम कर रहे ठेका कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुछ क्वार्टर लीज लाइसेंस पर देने की संभावना भी तलाशी जा रही है। इसके लिए कानूनी राय और कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देश लिए जाएंगे। कोल इंडिया ने इस मामले में निर्णय लेने के लिए मजदूर प्रतिनिधियों की एक कमेटी बनाई है। कमेटी अवैध कब्जे वाले आवासों को लेकर निर्णय और अनुशंसा करेगी। सभी अनुषंगी कंपनियों के आवासों का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। जो क्वार्टर रहने योग्य नहीं हैं या असुरक्षित हो चुके हैं, उन्हें ध्वस्त कर वहां आधुनिक सुविधाओं वाले नए आवास बनाए जाएंगे। कोल इंडिया प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधि मिलकर इसके लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार कर रहे हैं।

# एसईसीएल प्रबंधन के आश्वासन पर भूविस्थापितों ने टाला मुख्यालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के भूविस्थापितों एवं प्रभावित ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन के संदर्भ में ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है एसईसीएल प्रबंधन के लिखित अनुरोध और सकारात्मक रुख का सम्मान करते हुए 5 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के प्रस्तावित घेराव व तालाबंदी आंदोलन को 15 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है अब यह आंदोलन संशोधित तिथि 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

**खास बातें**
- मांगें पूरी नही होने पर 16 अक्टूबर को होगा सीएमडी कार्यालय में तालाबंदी आंदोलन
- प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए मांगा अतिरिक्त समय

गौरतलब है कि भूविस्थापितों की जायज मांगों उचित मुआवजा रोजगार पुनर्वास एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं को लेकर ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा 28 सितंबर को आंदोलन की पूर्व सूचना दी गई थी इसके जवाब में एसईसीएल दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि उच्चाधिकारियों के साथ हुई चर्चा में नियमानुकूल मांगों पर आंशिक सहमति बन चुकी है अंतिम निर्णय एवं पूर्ण सहमति हेतु प्रबंधन ने कुछ अतिरिक्त समय दिए जाने का अनुरोध किया था। ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि प्रबंधन को मांगों के त्वरित व न्यायपूर्ण समाधान के लिए 10 दिनों की समयावधि 15 अक्टूबर तक का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। यदि इस दी गई समयावधि में प्रबंधन द्वारा भूविस्थापितों की समस्त लंबित मांगों पर कोई ठोस लिखित एवं संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता है तो 16 अक्टूबर को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में समस्त भूविस्थापित एवं ग्रामीण बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन उग्र एवं शांतिपूर्ण आंदोलन/तालाबंदी करेंगे इस स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

# संगठन जितना मजबूत होगा,जन संघर्षों का विस्तार भी उतनी तेजी से होगा : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक में उपस्थित किसान सभा के पदाधिकारी व अन्य।

**खास बात**
- किसान सभा के जिला सम्मेलन में जय नारायण अध्यक्ष तो दीपक बने सचिव

जन संघर्षों को संगठित किये बिना संगठन का निर्माण नहीं किया जा सकता और बिना संघर्ष के संगठन भी नहीं बनाया जा सकता। संगठन जितना मजबूत होगा, जन संघर्षों का विस्तार भी उतनी ही तेजी से होगा। जिले में किसान सभा को मजबूत करने की यही कुंजी है। यही वह रास्ता है, जिसके जरिए भूविस्थापितों और गरीब किसानों की आवाज सड़क से उच्च सदन तक पहुंचाई जा सकती है।

उक्त बातें किसान सभा के चौथे कोरबा जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव कपिल पैकरा ने कही। किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज कोरबा के भूविस्थापित गरीब किसान जिस चक्की में पिस रही है, उसके पूरे प्रदेश के भू विस्थापितों को एक मंच पर आकर लड़ने के लिए योजनाबद्ध ढंग से संघर्ष विकसित करने की जरूरत है। भूविस्थापन, मनरेगा, आदिवासियों पर दमन आदि जिन मुद्दों को हमने चिन्हित किया है, इनमें से हर समस्या राज्य और अखिल भारतीय मुद्दे से जुड़ती है। इसलिए इन स्थानीय मुद्दों पर आयोजित संघर्षों की धमक दूर तक जाती हैं। उन्होंने इन मुद्दों पर संघर्षों को निरंतरता मे आयोजित करने और उसे सकारात्मक नतीजों तक पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में 108 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिला सचिव दीपक साहू ने संगठन के कामकाज की रिपोर्ट रखी, जिसे प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पारित किया। सम्मेलन ने खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों के साथ एसईसीएल में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित विस्थापितों को रोजगार और पुनर्वास देने, हसदेव जंगल का विनाश रोकने, अनाप शनाप बिजली बिलों की वसूली और स्मार्ट मीटर परियोजना पर रोक लगाने, आदि के संबंध में प्रस्ताव पारित किया। सम्मेलन में 23 सदस्यीय जिला समिति का चुनाव किया गया, जिसके जिला अध्यक्ष जय नारायण कौशिक, उपाध्यक्ष हेम सिंह मरकाम, राजकुमारी बिंझवार, रामायण कंवर सचिव दीपक साहू, सहसचिव सुकृता,उत्तम दास कोषाध्यक्ष दामोदर श्याम तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, मंगल सिंह राठिया, बृजलाल पंडो, सकुंती, गंगोत्री, देव कुंवर, रेशम, गणेश चौहान, इंदर, पवन यादव निर्वाचित हुए।

# आयुक्त ने किया निगम कार्यालय साकेत भवन का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित विभिन्न विभागों व शाखाओं का औचक निरीक्षण करते हुये वहां की स्वच्छता व साफ-सफाई, नस्तियों, दस्तावेजों का व्यवस्थीकरण सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ विभिन्न विभागों व शाखाओं में आवश्कतानुसार व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यों हेतु निगम कार्यालय पहुंचने वाले आमनागरिकों के बैठने की व्यवस्था भी विभागों व शाखाओं में किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण दिये जाने के निर्देश भी दिये।

**खास बात**
- कार्यालय कक्षों की स्वच्छता व साफ सफाई, व्यवस्थाओं की दुरुस्तगी किए जाने के दिए निर्देश

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम कार्यालय साकेत भवन स्थित विभिन्न विभागों, शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने निर्माण शाखा, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, राजस्व, योजना, भवन निर्माण, संपदा, सम्पत्तिकर शाखा, स्वच्छता शाखा, जलकर विभाग, स्टेशनरी शाखा, जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग, कैश शाखा, विधि विभाग, जनसंपर्क शाखा, स्टोर व उद्यान शाखा, विद्युत विभाग, डाटा सेंटर, परिषद शाखा सहित अपर आयुक्त कक्ष, उपायुक्त कक्ष, अधीक्षण अभियंता कक्ष सहित विभिन्न अधिकारियों के कक्षों का औचक निरीक्षण करते हुये वहाँ की साफ-सफाई व स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि वे कार्य स्थल पर जिस स्थान में बैठकर अपना कार्य करते हैं, वहाँ की स्वच्छता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उन्होने कहा कि आप सब शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये काम कर रहे हैं, तो जिस स्थान पर बैठकर आप काम करते हैं, वहाँ की स्वच्छता व साफ-सफाई भी आपकी उच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होने कहा कि कार्यालय में नस्ती, दस्तावेजों का व्यवस्थित रूप से संधारण करें, इससे कार्य करने में आपको ही आसानी होगी तथा जरूरत के वक्त संबंधित नस्ती व दस्तावेज आप आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

# जर्जर आवासों में रहने को मजबूर हैं सरकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला मुख्यालय के तीन विभागों की कालोनी के आवास रखरखाव के अभाव में और पुराने होने की वजह से जर्जर हो चुके हैं। सालों पुरानी इस कालोनी के आवासों में सरकारी कर्मचारी रहने को मजबूर हैं। यहां तक कि अधिकारियों के बंग्ले में भी बारिश के पानी से बचने के लिए प्लास्टिक का सहारा लेना पड़ रहा है। कई ऐसे आवास अधिकारियों के हैं जिनके छत से प्लास्टिक कभी उतारी नहीं जाती। पानी से बचाव के लिए प्लास्टिक का ही सहारा रहता है। आईटीआई, लोक निर्माण विभाग और राजस्व कालोनी के आवास पुराने हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा पुरानी कालोनी आईटीआई और पीडब्ल्यूडी की है। पुराने अंग्रेजी खपरे वाले इस कालोनी के छत को बदलने का काम कुछ वर्ष पूर्व किया गया था। तब कहीं जाकर यह आवास रहने के लायक हुए थे। दोनों विभागों के अनुसार कालोनी के निर्माण को हुए 40 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। डीएमएफ से शहर और ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचना के हो रहे विकास के तहत लाखों रुपए की लागत से बड़े-बड़े भवन बनाए गए हैं। शहर मुख्यालय में ही कन्वर्सन हाल सहित डिंगापुर में प्रशिक्षण केन्द्र के नाम से बड़े भवन बनाए गए हैं। इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी भवनों का निर्माण हुआ है। इन सबके बीच कालोनी के नवनिर्माण को लेकर अब जाकर यह योजना तैयार हुई है। जो कब अमल में आएगी यह अभी प्रस्ताव पर निर्भर है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# अग्रसेन जयंती पर अग्र संदेश पत्रिका का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में अग्र संदेश पत्रिका का विमोचन एवं वृक्षारोपण किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

महाराजा अग्रसेन की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अग्र संदेश पत्रिका का विमोचन समाज की गतिविधियों, उपलब्धियों और विचारों को अभिव्यक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम ने सामाजिक सहभागिता, आपसी सद्भाव और समाजहित में सामूहिक प्रयासों की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव मनोज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष बैजनाथ गोयल एवं राजेन्द्र अग्रवाल सहित आशीष अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अन्जय अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सत्यभामा अग्रवाल, संगीता पालीवाल, संतोषी देवी अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं भाजपा के जिला संवाद प्रमुख अर्जुन गुप्ता सहित अग्रवाल समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन की जयंती पर आयोजित यह समारोह सामाजिक एकता, सेवा भावना, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायी संदेश देने वाला रहा।

